कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

web site- www.rablcollege.com Email : govt.collegeghumka@gmail.com Phone – 07744-288915

// प्रेस विज्ञप्ति //

दिनांक 09.06.2022

" घुमका महाविद्यालय में कैरियर गाइडेंस एवं कैरियर काउसलिंग कार्यशाला का शुभारंभ "

घुमका :– शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका, जिला – राजनांदगाँव (छ.ग.) में अध्ययनरत एवं अन्य संस्थाओं के छात्र–छात्राओं के कैरियर निर्माण हेतु मार्गदर्शन कक्षाओं का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन के अवसर पर अतिथि वक्ता के रूप में श्री अजिताभ कुमार न्यू इंडिया एश्यारेन्स माइक्रो बांच इंचार्ज डोंगरगढ़ विषेश रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री खुरसैल ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा हेतु आप सभी प्रारंभ से ही सूक्ष्म तैयारी करें, विषय की गंभीरता एवं नवीन जानकारी से अद्यतन अवगत रहें तथा उन्हें अभ्यास में लावें। पाठ्यक्रम में सम्मिलित विभिन्न विषयों इतिहास, गणित, विज्ञान, रिजनिंग, समान्य ज्ञान, संविधान आदि पर सविस्तार चर्चा की और छात्र–छात्राओं को लक्ष्य से भ्रंमित हुए बिना लक्ष्य प्राप्त करने की गुण के बारे में सविस्तार जानकारी प्रदान किया। सत्र को संबोधित करते हुए प्रो. एस. एन. कामड़ी, सहायक प्राध्यापक–प्राणीशास्त्र ने कहा कि आज के परिवेश में रोजगार प्राप्त करना एक चुनौती पूर्ण कार्य है लेकिन स्वयं की लगन एवं मेहनत से प्राप्त किया जा सकता है। डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आप को अपने अन्दर छिपी हुई प्रतिभा और क्षमता को पहचानना होगा फिर लक्ष्य निधारित कर सतत् प्रयास कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर डॉ. के. डी. देशलहरा ने उपस्थित छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कक्षा में निरन्तर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने आगे कहा कि यदि आप कुछ पाना चाहते है तो निश्चित ही त्याग और परिश्रम की आवश्यकता है। कार्यक्रम को श्री दीपक वर्मा एवं श्री भारतेन्दु वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रीति खुरसैल तथा आभार प्रदर्शन श्री उकेश कुमार साहू ने किया।

प्रति,

श्रीमान ....

....

दैनिक समाचार पत्र

प्राचार्य
शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय,
घुमका, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)